# जिले की 400 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन

## ग्राम सभाओं का आयोजन कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस





नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को जिले की सभी 400 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन कर महिला दिवस समारोह मनाया गया।**

ग्राम सभाओं का आयोजन भारत सरकार के निर्णय पोर्टल पर ग्राम सभा शेड्यूल कर ऑनलाइन अद्यतन करते हुए किया गया। इस दौरान शासन द्वारा निर्धारित सभी मुख्य एवं अतिरिक्त एजेंडों को ग्राम सभा में शामिल कर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है और आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में बड़े-बड़े पदों पर कार्य करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों, पोषण एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आरजीएसए अजय कुमार गुप्ता, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, विकासखंड समन्वयकों, जनपद अधिकारियों तथा ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों के समन्वय से सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

### महिला सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

ग्राम पंचायतों द्वारा शासन की निर्धारित 9 थीमों में से एक थीम का चयन कर संकल्प भी लिया गया। साथ ही वीबी जी राम जी के 125 दिवस के कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे ग्रामीणों को अपने ही ग्राम में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। ग्राम सभाओं में महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों एवं पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। वहीं जिले की एकमात्र चयनित आदर्श बालिका एवं महिला हितैषी ग्राम पंचायत सारोकला, जनपद पंचायत सीधी में महिला हितैषी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा की गई।




# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर साइकिल रैली व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## वन स्टॉप सेंटर सखी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर सखी द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशासक श्रीमती सरोज खरे ने किया।**

इस अवसर पर शहर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने रैली के दौरान जागरूकता के नारे लगाते हुए लोगों को महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता का संदेश दिया। रैली में जाग रही है देश की नारी, होश में सबको रहना है तथा अबला-अबला बहुत सुन लिया, अब नहीं अबला सुनना है जैसे नारों के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें, अपने अधिकारों को पहचानें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वन स्टॉप सेंटर 'सखी' से सहायता लेने में संकोच न करें।

इस अवसर पर केस वर्कर अरुणिमा पाठक, पुष्पलता शर्मा, मंजुला मिश्रा, केयरटेकर इंदु तिवारी, सुरक्षा गार्ड अजय केवट सहित शौर्य दल की बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### महिलाओं को अधिकार के प्रति जागरूक होना आवश्यक

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया गया कि वर्तमान समय में महिलाओं के लिए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। समाज में महिलाओं की सहभागिता और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# विद्युत पेंशनर्स की बैठक कल

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। जिले के समस्त विद्युत पेंशनर्स को सूचित किया गया है कि उनकी महत्वपूर्ण बैठक 10 मार्च मंगलवार को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी।**

यह बैठक पीसीसी पोल फैक्ट्री नया बस स्टैंड के पास कैंपिंग हाउस के सामने निर्धारित की गई है। बैठक में आगामी 70 वर्षीय विद्युत पेंशनर्स सम्मान समारोह के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए आपसी चर्चा की जाएगी। साथ ही ऐसे विद्युत पेंशनर्स जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक हो चुकी है और अब तक सम्मान से वंचित रह गए हैं उन्हें इस बार सम्मानित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी, विशेष रूप से उन समस्याओं पर जिनका अब तक निराकरण नहीं हो पाया है। इसके अलावा जिन पेंशनर्स की आयु 79 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उन्हें 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में जनवरी 2025 में दर्ज प्रकरण की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही वर्ष 2026 की सदस्यता जिन पेंशनर्स द्वारा अभी तक नहीं ली गई है उनसे बैठक के दौरान सदस्यता लेने का आग्रह किया गया है। कैशलेस योजना के अंतर्गत जिन पेंशनर्स ने आवेदन किया था उनके कैशलेस कार्ड प्राप्त हो चुके हैं।

# सेमरिया में शांतिपूर्ण माहौल में हुई बोर्ड परीक्षाएं, 695 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 8 मार्च। सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा केन्द्र पर पूरे अनुशासन और पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित की गई।**

सेमरिया संवाददाता को विद्यालय परिवार की ओर से जानकारी दी गई कि इस वर्ष 10वीं के 439 एवं कक्षा 12वीं के 256 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की। इस प्रकार कुल 695 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के सफल संचालन में विद्यालय के स्टाफ के साथ-साथ संकुल अंतर्गत



लगभग 45 कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरी परीक्षा अवधि के दौरान केन्द्राध्यक्ष अमित मिश्रा एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष अजय वर्मा का विशेष योगदान रहा। उनके निर्देशन में परीक्षा प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संचालित हुई तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या समस्या की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। परीक्षा संचालन में विद्यालय के प्राचार्य अनिल मिश्रा के मार्गदर्शन में केसी मिश्रा मुरारी, सुरेश पाण्डेय, सुरेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, राज नारायण दीक्षित एवं छोटेलाल गौतम सहित अन्य कर्मचारियों ने भी अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वहीं कक्ष व्यवस्था एवं बैठक व्यवस्था को सुचारू बनाने में चतुर्भुज अरजरिया का योगदान सराहनीय रहा।

परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मिश्रा ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और समर्पण से ही परीक्षा का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सका। विद्यालय परिवार ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया।

# डॉ.आकांक्षा पाण्डेय का पीजी में चयन, बनेंगी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। जिले के अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय एवं श्रीमती सुषमा पाण्डेय की पुत्री डॉ.आकांक्षा पाण्डेय ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (पीजी) में चयन प्राप्त किया है। उनका चयन एमएस (स्त्री एवं प्रसूति रोग) के लिए छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज छिंदवाड़ा में वर्ष 2025 बैच में हुआ है।**



डॉ.आकांक्षा पाण्डेय ने वर्ष 2018 बैच में शासकीय मेडिकल कॉलेज रतलाम से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की थी। प्रारंभ से ही मेधावी रहीं डॉ.आकांक्षा ने अपनी लगन, परिश्रम और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।

उन्होंने डॉ.आकांक्षा पाण्डेय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ.आकांक्षा पाण्डेय ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, अपने माता-पिता, गुरुजनों के आशीर्वाद और निरंतर अध्ययन एवं कठिन परिश्रम को दिया है।

# कक्षा 5वीं एवं 8वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए बनाए गए केन्द्र शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली में संचालित मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) विनय मिश्र द्वारा शनिवार को किया गया।**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए उपस्थित मूल्यांकनकर्ताओं को मूल्यांकन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्य को पारदर्शिता एवं सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर शासकीय मॉडल स्कूल मझौली की प्राचार्य श्रीमती इंदिरा कचेर एवं बीआरसीसी मझौली अयोध्या पटेल भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन कार्य राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार सुचारु रूप से संचालित पाया गया।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिये पंजीयन अब 10 तक

**सीधी 8 मार्च।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब किसान 10 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# जन शिक्षण संस्थान में मेहंदी प्रतियोगिता व महिला नीति पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया वूमन्स वीक की थीम के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान सीधी में मेहंदी प्रतियोगिता एवं महिला नीति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षण संस्थान प्राचार्य श्रीमती रेखा सिंह द्वारा किया गया।**




इस अवसर पर आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 9 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में शिवानी विश्वकर्मा प्रथम, संध्या सेन द्वितीय तथा श्रुति द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने कहा कि फिट इंडिया वूमन्स वीक के माध्यम से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप यह कार्यक्रम 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर अरुणिमा पाठक ने महिला सशक्तिकरण विषय पर महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। वहीं पुष्पलता शर्मा ने साइबर सेल से संबंधित जानकारी देते हुए ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। केस वर्कर मंजुला मिश्रा ने वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं एवं सहायता सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रशासक श्रीमती सरोज खरे ने कहा कि नारी शक्ति किसी से कम नहीं है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी के पास धन और मां सरस्वती के पास विद्या है, उसी प्रकार महिलाएं भी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में रेखा सिंह, सुष्मिता द्विवेदी, शीतल सहित सभी स्टाफ, कार्यकर्ताएं एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

# स्वसहायता समूहों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किये कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। सीईओ आजीविका मिशन भोपाल श्रीमती हर्षिका सिंह के निर्देशन, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत सीधी शैलेंद्र सिंह सोलंकी एवं जिला परियोजना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को महिलाओं के अधिकार, समानता एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिवस समाज में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने, लैंगिक असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समान अवसरों के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है।

इसी क्रम में आज विकासखंड सीधी के लोक अधिकार नोडल संकुल उलाला अंतर्गत संकुल स्तरीय संगठन टिकटकला के देवछा ग्राम संगठन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में स्वसहायता समूह की महिलाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समूह सदस्यों में आपसी सहयोग, नेतृत्व एवं टीम वर्क को प्रोत्साहित करने तथा निर्णय क्षमता को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत तथा रंग पंचमी के उपलक्ष्य में होली गीतों की प्रस्तुति दी गई।

साथ ही संकुल स्तरीय संगठन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों का वाचन किया गया तथा जेंडर समानता को बढ़ावा देने के लिए जेंडर शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में आजीविका मिशन जिला इकाई से युवा सलाहकार हरि राम त्रिपाठी, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक एवं ब्लॉक जेंडर नोडल मनोज मिश्रा, आईएफसी एंकर विजय जायसवाल, संकुल संगठन अध्यक्ष पूनम जायसवाल, समता समन्वयक प्रीति जायसवाल, समता सखी कलावती जायसवाल आदि उपस्थित रहीं।

# भाजपा प्रदेश प्रभारी आईटी सेल किसान मोर्चा ने जताया आभार

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति पर किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने अपनी टीम में सीधी जिले के संघर्षशील एवं जमीनी कार्यकर्ता प्रमोद द्विवेदी को किसान मोर्चा आईटी सेल का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।**



अपनी इस नियुक्ति पर प्रमोद द्विवेदी ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा सहित जिले के सांसद एवं विधायक तथा जिलाध्यक्ष सहित सभी पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस दौरान श्री द्विवेदी ने कहा कि अभी तक मुझे पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी समय समय पर सौंपी गई है उसे निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने के लिए सतत् प्रयासरत रहा हूं, अब मुझे प्रदेश टीम में शामिल किया गया है जिसका निर्वहन भी मैं पार्टी गाइड लाइन अनुसार करता रहूंगा।

# महिला शिखर सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन

## लिनेस क्लब कामाख्या सीधी ने आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीधी 8 मार्च। महिला दिवस के अवसर पर आल इंडिया लिनेस क्लब कामाख्या सीधी द्वारा 8 मार्च को वैष्णवी गार्डन में महिला शिखर सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी संपन्न हुआ।**



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लिनेस मंगला सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में फाउंडर ऑफिसर लिनेस अंजू कटारे, एरिया ऑफिसर डॉ.बीना मिश्रा सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली ऋचा पाण्डेय, निकिता सिंह, मंजू सिंह, गुलाब कली, किरण कली एवं कौशल्या को महिला शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सर्वाइकल कैंसर पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसमें महिलाओं को इस बीमारी के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं आज शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और समाज के विकास में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए ऐसे आयोजन प्रेरणादायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। समारोह में जिले की कई प्रतिष्ठित महिलाएं एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नई कार्यकारिणी में इन्हें मिली ये जिम्मेदारी

नई कार्यकारिणी में डॉ.सुनीता तिवारी को अध्यक्ष, ऋचा सिंह एवं अंजू शर्मा को उपाध्यक्ष, शर्मिला सिंह को सचिव, नीलम अंसारी को संयुक्त सचिव, रचना राजे सिंह को कोषाध्यक्ष तथा रीतू सिंह को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही क्लब में टेमर के रूप में रश्मि सोनी, टेलटिवस्टर भावना भसीन तथा पीआरओ के रूप में विनीता मिश्रा एवं रेनू सिंह को जिम्मेदारी दी गई। बोर्ड ऑफडायरेक्टर्स में अपर्णा त्रिपाठी, डॉ.रंजना शुक्ला, डॉ.बबीता खरे, पूनम तिवारी, पूनम द्विवेदी, नीती केशरवानी, कोमल आहूजा, सपना सिंह, प्रीति सिंह, गीतिका कटारे, उर्मिला गुप्ता, नीतू गुप्ता एवं आराधना सिंह शामिल रहीं। माइक्रो चेयरपर्सन के रूप में वर्षा सिंह, सोनम सिंह, मीनाक्षी द्विवेदी एवं आकृति द्विवेदी को दायित्व दिया गया, जबकि रेखा स्वर्णकार को चेयरपर्सन बनाया गया। वहीं क्लब में नए रूप में स्मृति दुबे, गीतिका कटारे, रीनू शुक्ला, अपर्णा तिवारी एवं डॉ.दिव्या सिंह को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई।